वाह तेरा क्या कहना | by Prerna Mittal

श्याम तेरा मनमोहक मुखड़ा
उस पर नैन कमाल
वाह तेरा क्या कहना
वाह तेरा क्या कहना
सिर पे मुकुट ये मणियों वाला
और घुंघराले बाल
वाह तेरा क्या कहना
वाह तेरा क्या कहना

चमक तेरे चेहरे की जैसे निकली हर दम धुप है
देखा ना हमने कभी ऐसा प्यारा ये रूप है
नज़र डाल के कर देता है पूरे सभी सवाल
वाह तेरा क्या कहना
वाह तेरा क्या कहना

तीन बाण वाले तेरी अलग ही निशानी है
मोरछड़ी की तेरी निराली कहानी है
जिसके सिर पे घूम जाए वो हो जाता निहाल
वाह तेरा क्या कहना
वाह तेरा क्या कहना

हर दिल को धीरज मिलता तेरे दर पे आते ही
दीवाना वो बन जाए दर्शनों को पाते ही
तेरी ये मुस्कान काटती पल में सब जंजाल
वाह तेरा क्या कहना
वाह तेरा क्या कहना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b9-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-prerna-mittal/